# भारतीय जनता पार्टी

(केन्द्रीय कार्यालय,)
11 अशोक रोड़, नई दिल्ली–011
फोन नम्बर–011.23005700, फैक्स –011–2300578700

16 फरवरी, 2013

## प्रेस विज्ञप्ति

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष, श्री राजनाथ सिंह जी ने असम के गोलपाड़ा जिले में हाल ही में घटित हिंसा के प्रति गंभीर चिंता व्यक्त की है। हिंसा की उक्त घटना में, पुलिस फायरिंग में 13 लोग और संदिग्ध बांग्लादेशियों के द्वारा किए गए हमले में 13 और लोगों की जानें गई हैं। न केवल हिंसा की उक्त घटना में 26 लोग मारे गए हैं बल्कि 15 के करीब गांवों में घरों को आग लगा दी गई है। राज्य के गोलपाड़ा जिले में व्याप्त व्यापक हिंसा की उक्त घटना ने राज्य सरकार की निष्क्रियता को बेनकाब कर दिया है। कानून–व्यवस्था नाम की चीज मानो जिले में समाप्त हो चुकी है।

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए श्री राजनाथ सिंह जी ने चार सांसदों का एक दल स्थिति का अध्ययन करने के लिए असम भेजने का निर्णय किया है। यह दल रविवार, 17 फरवरी, 2013 को असम पहुंचेगा। इस दल के संसद सदस्यों के नाम हैं–

1. श्रीमती विजया चक्रवर्ती
2. श्री प्रकाश जावडेकर
3. श्री तरुण विजय
4. श्री राजेंद्र अग्रवाल

(ओ0पी0कोहली)
मुख्यालय प्रभारी